संख्या–cm-315
15/05/2023

# मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य का लिया जायजा, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को दिया निर्देश

- **जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके।**

पटना, 15 मई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के बचे हुए निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने खाजेकलां घाट और कंगन घाट जाकर जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य को देखा और कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जे0पी0 गंगा पथ के लिंक पथों के निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को जे0पी0 गंगा पथ के बचे हुये निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ के विभिन्न घाटों से कनेक्टिविटी हो जाने से लोगों का आवागमन सुगम होगा। विभिन्न एलाइनमेंट के माध्यम से शहर के लोगों को सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ के निर्माण कार्य पूर्ण होने से कई रूटों के लोगों के लिये आवागमन और सुगम होगा। पटना से बाहर आने जानेवाले लोगों का भी सम्पर्क और सुगम हो जायेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जे0पी0 गंगा पथ परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करें। इसके लिये और जो आवश्यकता होगी उसे उपलब्ध कराया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा समेत अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******